विश्व पृथ्वी दिवस... 5 साल में 202 हेक्टेयर वन-क्षेत्र बढ़ा, 3 लाख से ज्यादा नए पौधे लगे

# धे जीवित, इनमें से ज्यादातर तो अब तक पेड़ बन गए


## जिले में सबसे ज्यादा हरियाली जावरा-आलोट में, रतलाम शहर में घट रहे हैं छायादार पेड़

### तलाम शहर में यादार पौधों की मी होती जा रही है

पर्यावरण संतुलन बनाए रखने र प्राणवायु स्रोत के रूप में पेड़- यानी हरियाली का महत्वपूर्ण न है। रतलाम जिले में सबसे दा हरियाली जावरा और आलोट में है। यहां पर 5 साल में 202 टेयर वन-क्षेत्र बढ़ा है तो 3 लाख ज्यादा नए पौधे लगे हैं। 75 सदी पौधे जीवित हैं और दातर तो अब तक पेड़ बन गए। के उलट रतलाम शहर में दार पौधों की कमी होती जा है व हरियाली घट रही है। ाम शहर में पहले तक जहां से 300 फीट नीचे पानी ब्ध हो जाता था, वो अब 1100 200 फीट नीचे चला गया है। रोपण तो हो रहा है, लेकिन दार पौधों का इसमें अभाव है।

### याली और घना ल आलोट के क्षेत्र में

ावरा - आलोट में पहले से .665 हेक्टेयर भूमि वन घोषित है। इसके अलावा पांच सालों के दरमियान 202.480 हेक्टेयर भूमि राजस्व विभाग से वन विभाग को मिली है। इस तरह वन क्षेत्र बढ़ गया और इस 202 हेक्टेयर के साथ ही करीब 36 हेक्टेयर भूमि ऐसी है जो रिकॉर्ड में राजस्व की है लेकिन यहां भी वन विभाग ने पौधे लगाए। जावरा में 801.356, आलोट तहसील में 954.71 और ताल तहसील में 271.546 हेक्टेयर वन क्षेत्र है। इनमें से सबसे ज्यादा हरियाली और घना जंगल आलोट के पास शिप्रा-चंबल के सिपावरा संगम क्षेत्र में बरखेड़ाकलां के पास है।



### विश्व पृथ्वी दिवस (वर्ल्ड अर्थ डे) धरती की पीर हरें अब हम!

खुदग़र्ज़ी की ख़ातिर हमने,
धरती को तोड़-मरोड़ दिया।
मिट्टी रौंदी, जंगल काटे,
नदियों का नीर निचौड़ दिया।
सुधरें-सुधरें-सुधरें अब हम!
धरती की पीर हरें अब हम!

'धरती माँ-धरती माँ' कहकर,
पहले तो रिश्ते को जोड़ा।
फिर घा[illegible] दिये नित धरती को,
धरती [illegible] मस्तक को फोड़ा।
धरती [illegible] घाव भरें अब हम !
धरती की पीर हरें अब हम!

आँखों में आँसू लिए हुए,
हमको ही देख रही धरती।
सहमी-सहमी कातर नजरें,
हम पर ही फेंक रही धरती।
समझें! नहीं देर करें, अब हम!
धरती की पीर हरें अब हम!



अज़हर हाशमी

### यहां पर सुरक्षित है जंगल और जमीन

वन विभाग के अनुसार जावरा व आलोट क्षेत्र में उपजाऊ मिट्टी व अच्छा वातावरण तो है ही लेकिन यहां लोग जागरूक भी है। जैसे ऊपरवाड़ा में 2011-12 में 39 हेक्टेयर में पौधे लगाए थे, आज ये पहाड़ी हरा-भरा जंगल का रूप ले चुकी है। यहां लोग ना तो किसी को पेड़ काटने देते हैं और ना ही शिकारी को आने देते। इसलिए यहां कई जंगली जानवर भी अपना आशियाना बनाकर सुरक्षित हैं। ठीक ऐसे ही ग्राम रणायरा गुर्जर में बारिश में 15 हेक्टेयर में 15 हजार पौधे लगाए। यहां लोगों ने बारिश बाद पौधों को पानी देने के लिए अपने सिंचाई स्रोत से पानी दिया। भोजाखेड़ी में भी अच्छी हरियाली है और जमीन में जरूरी तत्वों की मात्रा भी बढ़ गई है।

### यहां बरसती आग, तपती है जमीन

एक्सपर्ट व्यू...

रतलाम शहर की बात करें तो यहां हरियाली की कमी है। वन विभाग के अनुसार आसपास के क्षेत्र में हरियाली मिल जाएगी, लेकिन शहर में छायादार पौधे घरों के बाहर कम मिलते हैं। अगर हर घर के बाहर एक नीम, बरगद या पीपल का पेड़ लग जाए तो रतलाम का पर्यावरण 80 प्रतिशत बेहतर हो जाए। शहर में गर्मी के समय धरती तपती है व आग बरसती है, इसको रोकना है तो छायादार पौधे लगाने का अभियान शुरू करना होगा। - **खुशालसिंह पुरोहित,** पर्यावरण विशेषज्ञ

### स्वयं अभियान चलाए



शहर के लोगों को स्वयं ही छायादार पौधों को लगाने के लिए आगे आना होगा। पौधारोपण तो खूब हो रहा है, लेकिन इसमे छाया देने वाले पौधों का अभाव है। पृथ्वी दिवस पर ये संकल्प लेना चाहिए। - **कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर

पत्रिका
22-4-2022

प्रभातकिरण

# धोलावाड़ लाइन से पानी चोरी...

## खेत में सिंचाई के लिए पानी पहुंचता रहा... शहर के लोग जलसंकट से जूझ रहे

**रतलाम, नप्र। धोलावाड़ व मोरवानी के बीच पानी चोरी का मामला बड़े अधिकारियों को पता चलने पर मामला थाने तक पहुंच गया है। 600 एमएम डाया की मेन पाइप लाइन में निप्पल लगाकर पानी की चोरी खेतों में सिंचाई के लिए की जा रही थी।**

गर्मी शुरू होते ही शहर के लोग पानी के लिए परेशान होने लगे हैं। टंकी में पानी नहीं पहुंच पाने की वजह से शहर में जलप्रदाय का इंतजाम बिगड़ना लगा। नगर निगम की ओर से आए दिन शहर के अलग-अलग इलाकों में जलप्रदाय देरी से किए जाने की सूचना प्रसारित की जा रही है। धोलावाड़ से भरपूर मात्रा मे पानी छोड़ने के बावजूद शहर की टंकियां नहीं भरा पाने की वजह जानने के लिए जब निगम के बड़े अधिकारियों ने मोर्चा संभाला तो पता चला कि धोलावाड़ की मेन पाइप लाइन में छेद कर बीच में ही पानी चुराया जा रहा है। निगम के बड़े अधिकारियों की यह कमजोरी पकड़ में आने के बाद पानी चुराने वाले संबंधित किसान के खिलाफ थाने में अपराध कायम करवाया है।

नगर निगम से मिली जानकारी के मुताबिक धोलावाड़ की मेन पाइप लाइन से पानी चोरी शाम से लेकर रात तक की जाकर खेतों में सिंचाई की जाती रही थी। चोरी आज से नहीं बल्कि पिछले काफी लम्बे समय से चल रही है लेकिन अभी तक सबकुछ धक रहा था। अप्रैल में ही शहर में जलसंकट के हालात पैदा होने पर जब निगम के जवाबदारों ने हकीकत जानने के लिए मोर्चा संभाला तो पानी चोरी का पता चला। इस पर पानी चुराने वाले संबंधित को समझाईश देकर नगर निगम जलप्रदाय विभाग ने छेद बंद करवा दिया गया था। 19 अप्रैल को फिर वहां से पानी चोरी होने का पता चलने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर थाने में शिकायत कर संबंधित के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में



प्राथमिकी दर्ज कराई। नगर नगर के मुताबिक धोलावाड़ के पास घबाईपाड़ा के व्यक्ति के खिलाफ पहले भी धोलावाड़ व मोरवानी के बीच 600 एमएम डाया की मुख्य पेयजल लाइन में निप्पल लगाकर पानी की चोरी किए जाने पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के लिए गत 27 दिसंबर को पत्र दीनदयालनगर थाने में दिया था। दो तीन दिन पहले फिर पानी की चोरी का मामला पकड़ में आने के बाद उसे समझाईश दे दी गई थी लेकिन वह पानी चुराने से बाज नहीं आया और मामला बड़े अधिकारी तक पहुंचने पर थाने में शिकायत करवाई।

चर्चा है कि धोलावाड़ पाइप लाइन से पानी चोरी आज से नहीं सालों से हो रही है। नगर निगम के जवाबदार जानते भी हैं कि पानी कहां से चोरी हो रहा है लेकिन लेकिन उचित कार्रवाई नहीं होने के चलते पानी की पानी चोरी का काम बेखौफ रूप से चल रहा था। शहर में जलसंकट की हालात पैदा होने की वजह जानने पर यह केस पकड़ में आ गया और मामला थाने तक पहुंच गया।

पिछले कई दिनों से खासतौर पर शहर के पटरी पार इलाके के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे है। जलप्रदाय की व्यवस्था बिगड़ने से जलसंकट जैसे अप्रैल में ही पैदा होने लगे। शहर के अन्य इलाकों में भी जलप्रदाय व्यवस्था बिगड़ने लगी। आज भी शहर के शहरसराय इलाके में सुबह जलप्रदाय नहीं हुआ। लोग नल आने का इंतजार करते रहे। दस बजे के लगभग निगम ने सूचना प्रसारित करवाई कि सुबह होने वाला जलप्रदाय आज विलंब से दोपहर बाद किया जा सकेगा।

दीनदयालनगर पुलिस ने उपयंत्री भैयालाल चौधरी की रिपोर्ट पर बाधा डालकर शासकीय संपत्ति में नुकासन करने पर अपराध कायम किया है।

प्रभात किरण 21-4-2022

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में नगर निगम बना प्रदेश में नम्बर-1

रतलाम ● स्वदेश समाचार 22-4-22



नगर निगम से संबंधित सीएम हेल्पलाइन पर नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निराकरण में रतलाम नगर निगम को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के तहत नगर निगम रतलाम 641 शिकायतें निराकरण में संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज 56.16 (50 प्रतिशत), 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 9.91 (10 प्रतिशत), निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत), नोट अटेंडेंट शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत), मान्य/अमान्य शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत) तथा कुल वेटेज स्कोर 96.07 प्राप्त कर प्रदेश में नम्बर 1 बना।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों निराकरण में नगर निगम रतलाम को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेषित कहा कि आगे भी इसी प्रकार कार्य कर रतलाम नगर निगम को प्रथम पायेदान पर बनाए रखें।

स्वदेश 22-4-2022

# शिकायतें दूर करने में नगर निगम अव्वल

**रतलाम, नप्र।** सीएम हेल्पलाइन पर नगर निगम से संबंधित की जाने वाली शिकायतों को दूर करने में रतलाम नगर निगम प्रदेश में अव्वल रहा। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के तहत नगर निगम रतलाम की 641 शिकायतों निराकरण में संतुष्टि के साथ कुल वेटेज स्कोर 96.07 हासिल कर प्रदेश में नम्बर 1 बना। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इसके लिए निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आगे भी इसी प्रकार काम कर रतलाम नगर को पहले पायदान पर रखें।

**मारपीट-** विजय निवासी मोतीनगर के साथ चार-पांच युवकों ने गालीगलौज एवं मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। दीनदयालनगर पुलिस ने केस दर्ज किया।

22-4-2022

# सीएम हेल्प लाईन शिकायतों के निराकरण में नगर निगम रतलाम 96.07 वेटेज स्कोर प्राप्त कर बना प्रदेश में नम्बर-1

**रतलाम।** नगर निगम से संबंधित सीएम हेल्प लाईन पर नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निराकरण में रतलाम नगर निगम को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

सीएम हेल्प लाईन मे दर्ज शिकायतों के निराकरण के तहत नगर निगम रतलाम 641 शिकायतें निराकरण में संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज 56.16 (50 प्रतिशत), 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 9.91 (10 प्रतिशत), निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिषत), नोट अटेंडेंट षिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिषत), मान्य/अमान्य शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत) तथा कुल वेटेज स्कोर 96.07 प्राप्त कर प्रदेश में नम्बर 1 बना। सीएम हेल्प लाईन शिकायतों निराकरण में नगर निगम रतलाम को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेषित कहा कि आगे भी इसी प्रकार कार्य कर रतलाम नगर निगम को प्रथम पायेदान पर बनायें रखें।

22-4-2022

# चौथी बार निगम सीएम हेल्पलाइन में नंबर वन

**रतलाम.** नगर निगम से संबंधित सीएम हेल्प लाईन पर नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निराकरण में नगर निगम को प्रदेश में पहला स्थान मिला हैं। लगातार चौथी बार रतलाम नगर निगम प्रदेश में नंबर एक पर आया हैं। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायत के निराकरण के तहत नगर निगम को 641 शिकायत का निराकरण किया गया।

22-4-22

22-4-2022

# मेला ग्राउण्ड में सब्जी व फ्रूड मार्केट नहीं लगाए



रतलाम। श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति ने अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य के नेतृत्व में त्रिवेणी मेला क्षेत्र (ग्राउण्ड) में सब्जी एवं फ्रूट मार्केट नहीं लगाने की मांग को लेकर रतलाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि विगत 68 वर्षो से त्रिवेमी क्षेत्र में महारूद्र यज्ञ के साथ नगर निगम द्वारा 11 दिवसीयं मेले का आयोजन होता है जिसमें बड़ी संख्या शहर एवं ग्रानीण क्षेत्र से जनता आती है। पूर्व में मेला बड़े क्षेत्र में लगता था मगर आधे क्षेत्र में मानस भवन एवं बगीचे का निर्माण कर दिया गया, इससे मेला क्षेत्र कम हो गया व शहर की आबादी दुगुनी हो गई। अत: मेला क्षेत्र में सब्जी मंडी एवं फ्रूट मार्केट में नहीं लगाते हुए अन्य क्षेत्रों में लगाने की कृपा करें ताकी मेले के समय किसी को परेशानी का सामना ना करना पड़ें। वहीं मेला क्षेत्र का सीमांकन व शहर की आबादी अनुसार मेला क्षेत्र का विस्तार करने की मांग की गई। इस अवसर पर कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम ने समिति सदस्यों को आश्वस्त किया कि समिति की मांग पर विचार विमर्श कर उचित निराकरण किया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, सचिव नवनीत सोनी, कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्रनंदन मेहता, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र डागा, मनोहर पोरवाल, प्रेम उपाध्याय, बजंरग पुरोहित, रमेशचन्द्र व्यास, पुष्पेन्द्र कुमार जोशी, मुन्नालाल शर्मा, रमेश व्यास, बद्रीलाल पडियार, बालमुकुंद चावड़ा, सत्यदीप भट्ट, हीरालाल पापटवाल, धर्मेन्द्र अग्रवाल, गोपाल जवेरी, बंशीलाल शर्मा, लालचंद टांक, सुरजमल टांक, चेतन शर्मा, राखी व्यास, हंसा व्यास, रजनी व्यास, जयाजी व्यास, किरण भट्ट, मंजु शर्मा आदि उपस्थित थे।

# मेला क्षेत्र समाप्त करने की योजना नहीं है मंजूर

पत्रिका 22-5-22

रतलाम. श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति ने त्रिवेणी में लगने वाले मेला क्षेत्र में सब्जी व फल मंडी लगाकर मेला समाप्त करने की योजना का विरोध किया है। विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है। समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य के नेतृत्व में त्रिवेणी मेला क्षेत्र में सब्जी एवं फ्रूट मार्केट नहीं लगाने की मांग को लेकर गुरुवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया कि विगत 68 वर्षों से त्रिवेणी क्षेत्र में महारूद्र यज्ञ के साथ नगर निगम द्वारा 11 दिवसीय मेले का आयोजन होता है। जिसमें बड़ी संख्या शहर एवं ग्रानीण क्षेत्र से जनता आती है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समिति सदस्यों को आश्वस्त किया कि समिति की मांग पर विचार विमर्श कर उचित

**मेलों को लगी प्रशासन की नजर** • त्रिवेणी मेला ग्राउंड में प्रशासन सब्जी मंडी लगाने की कर रहा तैयारी

# कालिकामाता व बरबड़ क्षेत्र के बाद अब त्रिवेणी मेला परिसर कम करने की साजिश

**भास्कर पड़ताल**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

22-4-22

कालिकामाता और बरबड़ मेले के बाद त्रिवेणी मेले का दायरा घटाने की तैयारियां की जा चुकी हैं। चांदनीचौक से त्रिपोलिया गेट एवं आसपास के बाजारों में सड़क किनारे लगने वाली सब्जी की दुकानें 24 मई से त्रिवेणी मेला ग्राउंड में शिफ्ट करने के आदेश हो गए हैं। यदि ऐसा होता है तो शहर के सबसे बड़े इस मेले का दायरा ही कालिका माता क्षेत्र और बरबड़ हनुमान मंदिर मेला क्षेत्र जैसे सिमट कर रह जाएगा।

त्रिवेणी मेले में बाजना, सैलाना, रावटी, सिमलावदा एवं आसपास के स्थानों से हजारों लोग मेला देखने आते हैं। त्रिवेणी मेला स्थल पर सब्जी मार्केट लगाने का श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति ने विरोध किया है। मेला क्षेत्र का सीमांकन व शहर की आबादी अनुसार मेला क्षेत्र का विस्तार करने की मांग की। सचिव नवनीत सोनी, राजेंद्र शर्मा, शैलेंद्र डागा, मनोहर पोरवाल, प्रेम उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे। उन्होंने एक स्वर में कहा कि प्रशासन को तो मेला क्षेत्र बढ़ाना चाहिए ताकि लोगों को रोजगार मिले और शहर का कारोबार फले-फुले और शहर की प्राचीन परम्परा कायम रह सके। इस पर कलेक्टर ने समिति सदस्यों को आश्वस्त किया कि समिति की मांग पर विचार विमर्श कर उचित निराकरण किया जाएगा।

## परंपरा पर प्रहार : शहर में लगने वाले तीन मेले ऐसे ही सिमट रहे



**1. कालिकामाता मेला-** शारदीय नवरात्रि में 9 दिन तक मेला लगता है। बीच में इसे 15 दिन तक भी चलाया गया था। रोज 25 से 30 हजार लोग मेले में पहुंचते हैं। मेला क्षेत्र सिमटता जा रहा है। 25 साल पहले कोर्ट के सामने बगीचा बनाकर मेले को दो भागों में बांटा। इसके बाद कालिकामाता मंदिर के सामने उजाड़ बगीचे की सुध ना लेते हुए नगर निगम ने सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल के सामने नया बगीचा बना दिया। इससे मेला आधा रह गया है।



**2. त्रिवेणी मेला-** शहर का सबसे बड़ा मेला लगता है। अमावस्या पर 11 दिनी मेला लगता है। यहां रोज 30 हजार से ज्यादा लोग मेला देखने पहुंचते हैं। इसके हाल कालिकामाता और बरबड़ मेले के जैसे हो गए हैं। मेला क्षेत्र के आसपास निजी जमीन होने से वहां कॉलोनियां कट गई। सरकारी जमीन पर पहले बगीचा बनाया। मानस भवन बना दिया। इससे मेला क्षेत्र छोटा हो गया। अब चांदनीचौक, त्रिपोलिया गेट एवं आसपास के क्षेत्रों में लगने वाली सब्जी मंडी को यहां शिफ्ट करने की तैयारी है।

**3. बरबड़ मेला-** हर साल हनुमान जयंती पर यहां तीन दिनी मेला लगता है। यहां विधायक सभागृह और इसके आसपास बाउंड्रीवॉल बना दी। इससे पहले यहां बड़े झूल लगते थे वे अब लगना बंद हो गए हैं। दुकानें लगना कम हो गई। यह मेला छोटी-मोटी दुकानों तक सिमट गया है। इस बार तो निगम मेला लगाना तक भूल गया। भास्कर ने सवाल उठाए तो 24 घंटे में तैयारियां कर मेला शुरू करवाया गया।

### विरोध में सनातन धर्मसभा व महारुद्र यज्ञ समिति

त्रिवेणी मेला स्थल पर सब्जी मार्केट लगाने का श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति ने विरोध किया है। अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य के नेतृत्व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बताया कि 68 साल से त्रिवेणी क्षेत्र में महारुद्र यज्ञ के साथ नगर निगम द्वारा 11 दिनी मेला लगाया जाता है। यदि सब्जी मंडी लगती है तो मेला ग्राउंड और ज्यादा सिमट जाएगा। मेला लगाने में परेशानी आएगी। सब्जी मंडी एवं फ्रूट मार्केट यहां ना लगाते हुए अन्य क्षेत्रों लगाया जाए। ताकि मेले के समय किसी परेशानी का सामना ना करना पड़े।

### आरोप : मॉल कल्चर को बढ़ावा देने की साजिश

गोपाल सोनी ने बताया मेले में दूरदराज के व्यापारी आकर दुकानें लगाते हैं। इससे लोगों को रोजगार मिलता है। वहीं, मेले में बाजार से कम दामों पर सामान मिलता है। मेले में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आते हैं। माल कल्चर को बढ़ावा देने के लिए सोची-समझी साजिश के चलते मेले खत्म किए जा रहे हैं। फिर चाहे कालिकामाता मेला हो या बरबड़ या फिर त्रिवेणी मेला। शॉपिंग माल के कारोबार बढ़ाने के लिए शहर के मेलों को धीरे-धीरे बंद करने की साजिश की जा रही है। यह गलत है। भास्कर मुद्दा नहीं उठाता तो नगर निगम इस साल बरबड़ का मेला आयोजित नहीं करता।

दै. भास्कर
22-4-2022

## ग्रीन रतलाम - क्लीन रतलाम गीत-गायन प्रतियोगिता आज

रतलाम। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रतलाम को स्वच्छ व सुंदर बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की थीम पर स्वरचित स्वच्छता गीत और इसके गायन की स्पर्धा का आयोजन आज 22 अप्रैल को कर रहा है। इस प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन में आयोजित होने वाली गीत गायन प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए होगी। इस प्रतियोगिता के दौरान ग्रीन रतलाम - क्लीन रतलाम की थीम पर प्रतियोगियों को स्वरचित गीत का गायन पावर हाउस रोड़ स्थित लायन्स हाल में 22 अप्रैल शुक्रवार को शाम 5 बजे से आयोजित कार्यक्रम में करना होगा। प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतियोगियों को नकद राशि के साथ ही शील्ड व प्रमाणपत्र भेंट किए जाएगे। गीत गायन स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले प्रतियोगी आज 22 अप्रैल शुक्रवार को दोपहर 3 बजे तक व्हाटएप नम्बर 9229575956 पर अपना पंजीयन करा सकते है। सिंघम 22-4

सिंघम टाइम्स
22-4-2022

## ग्रीन रतलाम - क्लीन रतलाम गीत-गायन प्रतियोगिता 22 को

रतलाम। आगामी 22 अप्रेल विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रतलाम को स्वच्छ व सुंदर बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की थीम पर स्वरचित स्वच्छता गीत और इसके गायन की स्पर्धा का आयोजन आगामी 22 अप्रेल को कर रहा है। इस प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन में आयोजित होने वाली गीत गायन प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए होगी। इस प्रतियोगिता के दौरान ग्रीन रतलाम - क्लीन रतलाम की थीम पर प्रतियोगियो को स्वरचित गीत का गायन पावर हाउस रोड़ स्थित लायन्स हाल में 22 अप्रेल शुक्रवार को शाम 5 बजे से आयोजित कार्यक्रम में करना होगा। प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतियोगियो को नकद राशि के साथ ही शील्ड व प्रमाणपत्र भेंट किए जाएगे। गीत गायन स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले प्रतियोगी 22 अप्रेल दोपहर 3 बजे तक व्हाटशॉप नम्बर 9229575956 पर अपना पंजीयन करा सकते है। सिंघम 21-4-22

सिंघम टाइम्स
21-4-2022

## ग्रीन रतलाम - क्लीन रतलाम गीत-गायन प्रतियोगिता आज

रतलाम ● विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रतलाम को स्वच्छ व सुंदर बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की थीम पर स्वरचित स्वच्छता गीत और इसके गायन की स्पर्धा का आयोजन 22 अप्रैल को कर रहा है। इस प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा। आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन में आयोजित होने वाली गीत गायन प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए होगी। गीत गायन स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले प्रतियोगी 22 अप्रैल दोपहर 3 बजे तक व्हाट्सएप नम्बर 9229575956 पर अपना पंजीयन करा सकते है। 22-4

22-4-2022

## ग्रीन रतलाम-क्लीन रतलाम गीत-गायन प्रतियोगिता आज

### दोपहर तक प्रतियोगी करा सकते हैं पंजीयन

रतलाम। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 22 अप्रैल को रतलाम को स्वच्छ व सुंदर बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की थीम पर स्वरचित स्वच्छता गीत और इसके गायन की स्पर्धा का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा। आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन में आयोजित होने वाली गीत-गायन प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए होगी। प्रतियोगिता के दौरान ग्रीन रतलाम-क्लीन रतलाम की थीम पर प्रतियोगियों को स्वरचित गीत का गायन पावर हाउस रोड स्थित लायंस हाल में शुक्रवार शाम पांच बजे से आयोजित कार्यक्रम में करना होगा। प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतियोगियों को नकद राशि के साथ ही शील्ड, प्रमाण-पत्र भेंट किए जाएंगे। गीत गायन स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले प्रतियोगी 22 अप्रैल को दोपहर तीन बजे तक वाट्सएप नंबर 9229575956 पर पंजीयन करा सकते हैं। नई दुनिया 22-4-22

नई दुनिया
22-4-2022

## कचरा गंदगी करने पर 6 दुकानें सील

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोतम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते है, खुले में यूरिन करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितो पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 20 अप्रैल बुधवार को 17 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया साथ ही कचरा एवं गंदगी करने पर दो बत्ती क्षेत्र में 3 दुकानों के अलावा रईस खान यूनिक स्टाईल, आमिर शेख एकेएस फैशन शहर सराय व आर.बी. कलेक्शन की दुकाने सील कर 5000-5000 का जुर्माना किया गया। सिंघम 21-4-22

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दूरदर्शन इलेक्ट्रॉनिक पर 2000, अरविन्द ज्यूस सेंटर, बुरहानी ट्रेडर्स पर 1000-1000, फातिमा बाई, पुनीत भण्डारी, अरिहंत ट्रेडर्स, खालसा आटो पार्टस, इदरिश पर 500-500, साबिर भाई पर 250, राज रतन, मनोज जोशी पर 200-200, शाहनवाज खान, चांद मोहम्मद पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा के निर्देशन में स्पॉट फाईन दल द्वारा की गई।

सिंघम 21-4-2022

## गंदगी करने व अमानक पॉलीथीन उपयोग करने पर 8 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोतम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते है, खुले में यूरिन करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितो पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 21 अप्रैल गुरूवार को 8 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार बादशाह रेडियेटर, निर्मल, श्री कृष्णा रेस्टोरेंट, हर्षल इंदुकर पर 500-500, मेघराज पर 300, भेरूलाल पर 250, शांतिलाल पर 100 व रंजीत पर 50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। सिंघम 22-4-22

सिंघम टाइम्स 22-4-2022

## खुले में यूरिन करने पर चार व्यक्तियों से वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 33 में चार व्यक्ति खुले में यूरिन करते पाए गए। इस पर दरोगा प्रेमचंद्र फत्तरोड का सात दिन का वेतन काटा गया व जोन प्रभारी किरण चौहान का माह अप्रैल का वेतन रोका जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। साथ ही खुले में यूरिन करने वाले हर्षद इंदुकर से 500 रुपये, मेघराज से 300 रुपये, शांतिलाल से 100 व रणजीत से 50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। नई दुनिया 22-4

नई दुनिया 22-4-2022

## खुले में यूरिन करने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 33 में 4 व्यक्ति खुले में यूरिन करते पाये जाने पर दरोगा प्रेमचन्द्र फतरोड 7 दिवस का वेतन काटा गया व झोन प्रभारी किरण चौहान का माह अप्रैल का वेतन रोका जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया साथ ही खुले मे यूरिन करने वाले हर्षद इंदुकर पर 500, मेघराज पर 300, शांतिलाल पर 100 व रंजीत पर 50 रूपये का जुर्माना किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र रतलाम मे खुले में शौच व यूरिन करना प्रतिबंधित किया गया इसके बाद भी वार्ड क्रमांक 33 में 3 व्यक्ति खुले में यूरिन करते पाये जाने पर झोन प्रभारी व वार्ड दरोगा पर दण्डात्मक कार्यवाही की गई। सिंघम 22-4-22

सिंघम टाइम्स 22-4-2022

## गंदगी फैलाने वाले आठ लोगों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा शहर में गंदगी फैलाने और अमानक पालिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को आठ व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार बादशाह रेडियेटर, निर्मल, श्रीकृष्णा रेस्टोरेंट, हर्षल इंदुकर से 500-500, मेघराज से 300, भेरूलाल से 250, शांतिलाल से 100 व रणजीत से 50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं फैलाने व अमानक पालिथीन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी। कार्रवाई उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा के निर्देशन में की गई।

नई दुनिया 22-4

नई दुनिया 22-4-2022

नई दुनिया 22-5-22

## दूसरे दिन भी पोलोग्राउंड टंकी से सप्लाई प्रभावित

रतलाम। पोलोग्राउंड टंकी से जलवितरण व्यवस्था गुरुवार को भी प्रभावित रही।

बुधवार को भी छह घंटे देरी से जलवितरण किया गया था। टंकी समय पर नहीं भरने से एक दिन छोड़कर भी जलवितरण समय से नहीं हो पा रहा है। इससे लोग परेशान हो रहे हैं।

नई दुनिया
22-5-2022

नई दुनिया 22-5-22

## ऊंकाला रोड पर ग्रीन बेल्ट की जमीन पर बने शेड तोड़े

रतलाम। प्रशासन व नगर निगम के अमले ने गुरुवार को संयुक्त रूप से कार्रवाई कर ऊंकाला रोड पर समता सिटी के समीप ग्रीन बेल्ट की जमीन पर बने चार शेड तोड़ दिए। दरअसल मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित जमीन पर दो शेड दीवारें खड़ी कर पतरे डालकर बनाए गए थे. जबकि दो शेड निर्माणाधीन थे। नगर निगम से संबंधितों को नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बाद गुरुवार को कार्रवाई की गई। दोपहर करीब दो बजे से शुरू हुई कार्रवाई शाम पांच बजे तक चलती रही।

नई दुनिया
22-5-2022

## 15 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में प्रात: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत 20 अप्रैल को प्रात: 14 व दोपहर में 1 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रात: की शिफ्ट में उपस्थित रहते है व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पुरे दिवस का वेतन काटा जायेगा।

20 अप्रैल बुधवार को झोन क्रमांक 1 में विजय-फुलचन्द, अजय-विनोद, बादल-दिलीप, सुनील-शंकरलाल, विशाल-मुकेश, प्रकाश-कैलाश, विजय-हीरालाल, झोन क्रमांक 2 में रमेश-मुंशी, सुनील-श्यामलाल, संगीताबाई-हरीश, सोमदीप-सुदेश, रवि-सुरेश, शिवकन्याबाई-रमेश, झोन क्रमांक 3 में मुकेश-गोवर्धन, दोपहर की शिफ्ट में झोन क्रमांक 2 में मोहित-गोपाल इस तरह 15 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

21-4-22

21-4-2022

## 4 ड्रायवर व 15 हैल्पर का 7 दिवस का वेतन काटा

22-4-22

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार बिना सूचना के 21 अप्रैल को अनुपस्थित कचरा संग्रहण वाहन के 4 ड्रायवर व 15 हैल्परों का 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ड्रायवर सुनील-वैरागी, शुभम् पैमाल, अभिषेक, कैलाश, हैल्पर विशाल-मुकेश, राहूल-दशरथ, तुफान घोसर, सुनील, मुकेश-गोवर्धन, गोपाल-दिलीप, दीपक, मंगेश, सुनील, संदीप, सुमीत, संदीप शिन्दे, ओमप्रकाश, जितेन्द्र वेजू व मुकेश द्वारा बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किय

22-4-2022

## जोन प्रभारी का वेतन रोका, दरोगा पर कार्रवाई

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड 33 में चार व्यक्ति खुले में यूरीन करते मिले। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दरोगा प्रेमचंद फतरोड का सात दिन काट दिया है। जोन प्रभारी किरण चौहान का अप्रैल का वेतन रोक दिया है। उधर, खुले में यूरीन करने वाले हर्षद इंदुकर पर 500 रुपए, मेघराज पर 300 रुपए, शांतिलाल पर 100 रुपए, रंजीत पर 50 रुपए का जुर्माना किया। इसी प्रकार कचरा संग्रहण वाहन के 4 ड्राइवर व 15 हेल्पर पर सात दिन का वेतन काटने की कार्रवाई हुई।

22-4-22

22-4-2022

## रात्रिकालिन सफाई के 6 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा 20 अप्रैल बुधवार को निरीक्षण किये जाने पर दीपक-पूनमचन्द, हीरालाल-श्यामलाल, विकास-पप्पू, महेन्द्र-राजेन्द्र, गौरव-राजेन्द्र व शेखर-मदनलाल द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर संबधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश संबधित को दिये

22-4-22

22-4-2022

### माफियाओं और मिलावटखोरों के विरुद्ध कार्रवाई की समीक्षा

# कलेक्टर ने सुबह बैठक ली, शाम को कार्रवाई

22-4-22

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में माफियाओं, अतिक्रमणकर्ताओं, मिलावटखोरों के विरुद्ध कार्रवाई की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को आयोजित एक बैठक में की। कलेक्टर ने आबकारी विभाग, जिला खनिज अधिकारी व फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर को कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के बाद शाम को खनिज विभाग, फूड व ड्रग विभाग द्वारा कार्रवाई भी की गई।

कलेक्टर ने जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि सैलाना रोड, ऊंकाला रोड पर रेत के अवैध भंडारण की सूचना मिली है वहां एक्शन ली जाए। भंडारण की अनुमति नहीं दी जा रही है इसलिए उसके विरुद्ध एक्शन ली जाए। विभाग अभी सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा है। एसपी ने कहा कि खनिज विभाग को जहां फोर्स की आवश्यकता होगी उपलब्ध करवा दिया जाएगा। शाम को बरबड़ रोड पर दिनेश पुत्र जगन्नाथ यादव

**समीक्षा**

- रेत का अवैध भंडारण व सालाखेड़ी क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली भी जब्त
- 30 अप्रैल तक संपूर्ण 40 लाख रुपये की राशि वसूल करने के निर्देश

द्वारा किया गया रेत का अवैध भंडारण व सालाखेड़ी क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्राली भी जब्त की गई।

**आबकारी विभाग :** कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक आबकारी निरीक्षक को लक्ष्य प्रदान किया जाए। प्रत्येक माह 200 प्रकरण विभाग द्वारा बनाए जाएं। विभाग की खंडवार समीक्षा की जाएगी। आबकारी सहायक आयुक्त ने अवगत कराया कि विभाग के पास मात्र एक मुख्य आरक्षक तथा 12 आरक्षक हैं। बीमारी अथवा अन्य कारणों से आरक्षकों द्वारा अवकाश पर रहने के कारण सामान्य परिस्थितियों में मात्र 5 या 6 का अमला उपलब्ध रहता है। कलेक्टर ने अतिरिक्त स्टाफ के रूप में होमगार्ड के जवान विभाग को उपलब्ध कराने के लिए कहा।

**फूड एंड ड्रग विभाग :** विभाग के निरीक्षकों द्वारा दुकानों, प्रतिष्ठानों से प्राप्त सैंपल के फेल होने, मिथ्या छाप होने की स्थिति में अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा अर्थदंड की समीक्षा में कलेक्टर ने पाया कि जिले में अर्थदंड के 40 लाख रुपये की वसूली शेष है। इस पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर द्वारा निरीक्षक कमलेश जमरा को 30 अप्रैल तक संपूर्ण 40 लाख रुपये की राशि वसूल करने के लिए निर्देशित किया गया। सैलाना तथा बाजना के ग्रामीण क्षेत्रों में ही ज्यादा संख्या में सैंपल लेने पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि वे सभी फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर को सैंपल लेने के स्थान और दुकानों, प्रतिष्ठानों के संबंध में दिशा-निर्देशित करेंगे। इंस्पेक्टर के साथ एक नायब तहसीलदार भी रहेगा। सभी इंस्पेक्टर प्रतिदिन पांच सैंपल प्राप्त करेंगे।

## निर्देश के बाद कार्रवाई भी शुरू

कलेक्टर के निर्देशों के बाद रतलाम में विरियाखेड़ी में खाद्य व सुरक्षा अधिकारी कमलेश जामरा ने गुंजनश्री स्वीट्स से शक्कर बुरा व मिश्री, ज्योति बघेल ने जावरा में आजाद चौक स्थित सुनील ट्रेडर्स से कोकोनट वाटर, मालाश पाइनापल व न्यू दिनेश ट्रेडर्स सुतारीपूरा से तुअर दाल, चावल के सैंपल लिए। इसी तरह शिवगढ़ में प्रीति मंडोरिया द्वारा जय महाकाली आइसकैंडी से लस्सी, ऑरेंज कैंडी, भोलेनाथ आइस्क्रीम से लस्सी, सुसवानी किराना से चना दाल के सैंपल लिए।

**जिला आपूर्ति विभाग :** जिला आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि बायोडीजल के अवैध पंप पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

नईदुनिया
22-4-2022

## अमृत सागर तालाब के लिए 12 करोड़ की योजना की आज शुरुआत

रतलाम. अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत 12.43 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्य की शुरुआत शहर विधायक चेतन्य काश्यप शुक्रवार शाम 4 बजे करेंगे। आयोजन अमृत सागर स्थित गढ़ कैलाश मंदिर के पास होगा। 1.105 करोड़ से तालाब की स्टोन पिचिंग एवं गेबियन वॉल निर्माण, 48.56 लाख की लागत से बोहरा बाखल नाला डायवर्जन, 2.239 करोड़ की लागत से कंसट्रक्टेड वेटलैंड, 2.37 करोड़ से पेरिफेरल सेनिटेशन एवं वाटर सप्लाई, 2 नग टायलेट ब्लॉक, इलेक्ट्रीक कनेक्शन सीसीटीवी कनेक्शन के कार्य किए जाएंगे।

पत्रिका
22-4-2022

# आज से अमृत सागर तालाब को संवारना करेंगे शुरू

## विधायक काश्यप करेंगे परियोजना का श्रीगणेश

### 12.43 करोड़ रुपए से होने वाले विकास और निर्माण कार्यों का होगा शुभारंभ

भास्कर संवाददाता | रतलाम

22-4-22

जलकुंभी और बदबूदार पानी से बदहाल 0.18 वर्ग किमी में फैला प्राचीन अमृत सागर तालाब शुक्रवार से संवरना शुरू हो जाएगा।

22 अप्रैल को विधायक चेतन्य काश्यप संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना के तहत 12.43 करोड़ रुपए से होने वाले विभिन्न विकास और निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम श्री गढ़कैलाश मंदिर के पास होगा, जिसमें विधायक काश्यप पूजा-अर्चना कर योजना का श्रीगणेश करेंगे। बता दें कि 2007 से चल रही तालाब के सौंदर्यीकरण की योजना बार-बार बदलने के बाद 2019 में बंद हो गई थी। विधायक चेतन्य काश्यप ने केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से बात करके मंजूरी दिलवाई थी। झील संरक्षण योजना के तहत पूरे प्रोजेक्ट पर 22.84 करोड़ का खर्चा आएगा।

### 2023 तक पूरा होगा काम

तालाब का सौंदर्यीकरण 2023 तक पूरा होगा। नगर निगम 2.90 करोड़ रुपए से पहले ही एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन खरीद चुका है। मशीन 1580 ट्रॉली जलकुंभी निकाल चुकी है। बड़ी चुनौती तालाब की गाद निकालने की है। इंजीनियर गाद निकालने की दूसरी पद्धति की तलाश कर रहे हैं।

### ऐसे होगा सौंदर्यीकरण

- 1.105 करोड़ - पाल की स्टोन पिचिंग एवं गेबियन वॉल का निर्माण
- 48.56 लाख - नाला डायवर्जन
- 2.239 करोड़ - कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड
- 2.37 करोड़ - पेरीफेरल सेनिटेशन, वाटर सप्लाई, दो-टायलेट ब्लॉक, सीसीटीवी, सब स्टेशन आदि कार्य।
- 1.462 करोड़ - बाउंड्रीवॉल
- 4.41 करोड़ - एंट्रेंस गेटवे, पेरीफेरल रोड, फुटपाथ, पार्किंग एरिया, दुकानें, गजिबो, रेस्ड गार्डन, आरसीसी रिटेनिंग वॉल आदि।
- 35.60 लाख - वॉच टॉवर एवं एडमिन ऑफिस निर्माण आदि।

द० भास्कर
22-4-2022

## अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत 12.43 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्यों आज होगा शुभारंभ

22-4-22

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत 12.43 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्यों शुभारंभ विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में सायं 4 बजे अमृत सागर स्थित गढ़ कैलाश मंदिर के पास विधिवत पूजा-अर्चना कर किया जायेगा जिसमें जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी व नागरिक उपस्थित रहेंगे।

अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत 1.105 करोड़ से तालाब की स्टोन पिचिंग एवं गेबियन वॉल निर्माण, 48.56 लाख की लागत से बोहरा बाखल नाला डायवर्जन, 2.239 करोड़ की लागत से कंसट्रक्टेड वेटलैंड, 2.37 करोड़ से पेरेफेरल सेनिटेशन एवं वाटर सप्लाई, 2 नग टायलेट ब्लॉक, इलेक्ट्रीक कनेक्शन, सीसीटीवी कनेक्शन, सब स्टेशन आदि, 1.462 करोड़ से तालाब के चारो ओर बॉउण्ड्रीवॉल का निर्माण, 4.41 करोड़ से एंट्रेस गेटवे, पेरेफेरल रोड, फुटपाथ, पार्किंग एरिया, दुकानें, गजिबो, साईट डेवलपमेंट रेस्ड गार्डन, आरसीसी रिटेनिंग वॉल, 35.60 लाख से नागरिक जागरूकता संबंधी गतिविधियां, वॉच टॉवर एवं एडमिन ऑफिस निर्माण इस तरह कुल 12.43 करोड़ राशि के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया जायेगा।

सिंघम 22-4-2022

## विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ आज

रतलाम। अमृत सागर तालाब संरक्षण व प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत 12.43 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्यों शुभारंभ विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में 22 अप्रैल को शाम चार बजे अमृत सागर स्थित गढ़ कैलाश मंदिर के पास विधिवत पूजा-अर्चना कर किया जाएगा। अमृत सागर तालाब संरक्षण व प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत 1.105 करोड़ से तालाब की स्टोन पिचिंग व गेबियन वाल निर्माण, 48.56 लाख की लागत से बोहरा बाखल नाला डायवर्जन, 2.239 करोड़ की लागत से कंसट्रक्टेड वेटलैंड, 2.37 करोड़ से पेरेफेरल सैनिटेशन व वाटर सप्लाई, दो नग टायलेट ब्लाक, इलेक्ट्रीक कनेक्शन, सीसीटीवी कनेक्शन, सब स्टेशन आदि, 1.462 करोड़ से तालाब के चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण, 4.41 करोड़ से एंटरेंस गेटवे, पेरेफेरल रोड, फुटपाथ, पार्किंग एरिया, दुकानें, गजिबों, साइट डेवलपमेंट रेस्ड गार्डन, आरसीसी रिटेनिंग वाल, 35.60 लाख से नागरिक जागरूकता संबंधी गतिविधियां, वाच टावर व एडमिन आफिस निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा।

22-4-22

## ऊंकाला रोड से हटाए बिना अनुमति बनाए शेड

रतलाम | गुरुवार को नगर निगम ने ऊंकाला रोड पर बिना अनुमति ग्रीन बेल्ट पर बनाए शेड तोड़े। ये शकील खान, शिराज और मोहम्मद के थे। इन्होंने निर्माण के लिए सक्षम परमिशन नहीं ली। नोटिस देने के बाद भी शेड नहीं हटाने पर गुरुवार को राजस्व अमले के साथ मिलकर निगम ने शेड पर बुलडोजर चलाया। दोपहर 2 बजे चालू हुई कार्रवाई शाम 6.30 बजे तक चली। कार्रवाई एसडीएम राजेश शुक्ला, इंजीनियर राजेंद्र मिश्रा, मनीष तिवारी, बृजेश मिश्रा की देखरेख में हुई।

22-4-2022

## काटजू नगर में शासकीय भूमि से हटाये 14 अवैध अस्थायी अतिक्रमण



रतलाम। काटजू नगर स्थित जैन मंदिर के पीछे शासकीय भूमि पर किये गये 14 अस्थायी अतिक्रमण व कबाड़े को जिला प्रशासन व नगर निगम के संयुक्त दल द्वारा हटाया गया साथ ही लक्कड़पीठा में मदिरा दुकान संचालक द्वारा रोड पर किये शेड व अवैध निर्माण को भी हटाया गया। अवैध अस्थाई निर्माण को सीएसपी हेमन्त चौहान, एसडीएम राकेश शुक्ला, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, ब्रजेश कुशवाह व राजेश पाटीदार की उपस्थिति में नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा हटाया गया।

अग्निबाण 21-4-2022

## काटजू नगर में शासकीय भूमि से हटाये 14 अवैध अस्थायी अतिक्रमण

21-4-2022

रतलाम। काटजू नगर स्थित जैन मंदिर के पीछे शासकीय भूमि पर किये गये 14 अस्थायी अतिक्रमण व कबाड़े को जिला प्रशासन व नगर निगम के संयुक्त दल द्वारा हटाया गया साथ ही लक्कड़पीठा में मदिरा दुकान संचालक द्वारा रोड पर किये शेड व अवैध निर्माण को भी हटाया गया।

अवैध अस्थाई निर्माण को सीएसपी हेमन्त चौहान, एसडीएम राकेश शुक्ला, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, ब्रजेश कुशवाह व राजेश पाटीदार की उपस्थिति में नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा हटाया गया।

22-4-2022

## हटाए 14 अवैध अस्थायी अतिक्रमण

रतलाम ● काटजू नगर स्थित जैन मंदिर के पीछे शासकीय भूमि पर किए गए 14 अस्थायी अतिक्रमण व कबाड़े को जिला प्रशासन व नगर निगम के संयुक्त दल द्वारा हटाया गया साथ ही लक्कड़पीठा में मदिरा दुकान संचालक द्वारा रोड पर किए शेड व अवैध निर्माण को भी हटाया गया। अवैध अस्थायी निर्माण को सीएसपी हेमन्त चौहान, एसडीएम राकेश शुक्ला, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, ब्रजेश कुशवाह व राजेश पाटीदार की उपस्थिति में नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा हटाया गया।

22-4-2022

# रतलाम में नगर निगम का पानी हो रहा चोरी, थाने में प्रकरण दर्ज

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम

मो.नं. 9826486291

22-4-22



गर्मी शुरू होते ही पानी कितना कीमती हो जाता है, उसका एक और उदाहरण सामने आया है। धोलावाड़-मोरवानी के बीच पानी चोरी का मामला सामने आया है। 600 एमएम मोटी पाइप लाइन में छेद कर पानी की चोरी करके खेतों में सिंचाई के लिया जा रहा है।

नगर निगम की ओर से आए दिन शहर के अलग-अलग इलाकों में जलप्रदाय देरी से किए जाने का सूचना प्रसारित की जा रही है। धोलावाड़ से भरपूर मात्रा में पानी छोड़ने के बावजूद शहर की टंकियां नहीं भर पाने की वजह जानने के लिए जब निगम के बड़े अधिकारियों ने मोर्चा संभाला तो पता चला कि धोलावाड़ की मेन पाइप लाइन में छेद कर बीच में ही पानी चुराया जा रहा है। यह मामला पकड़ में आने के बाद पानी चुराने वाले संबंधित किसान के खिलाफ थाने में अपराध कायम करवाया है। इसमें बताया गया है कि धोलावाड़ की मेन पाइप लाइन से पानी चोरी शाम से लेकर रात तक की जाकर खेतों में सिंचाई की जाती रही थी। नगर निगम जलप्रदाय विभाग ने छेद बंद करवा दिया गया था। 19 अप्रैल को फिर वहां से पानी चोरी होने का पता चलने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर उपयंत्री भैयालाल चौधरी की रिपोर्ट पर दीनदयालनगर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालकर शासकीय संपत्ति में नुकसान करने पर अपराध कायम किया है। उल्लेखनीय है कि जलप्रदाय की व्यवस्था बिगड़ने से जलसंकट के हालात पैदा होने लगे।

पीपुल्स समाचार
22-4-2022

## शहर में लोग पानी के लिए हो रहे परेशान और उधर धोलावाड़ लाइन से पानी हो रहा था चोरी, निगम इंजीनियर ने कराया प्रकरण दर्ज

रतलाम। धोलावाड़- मोरवानी के बीच पानी चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज किया है। 600 एमएम डाया की मेन पाइप लाइन में छेद कर पानी की चोरी खेतों में सिंचाई के लिए की जा रही थी। गर्मी शुरू होते ही शहर के लोग पानी के लिए परेशान होने लगे है। टंकी में पानी नहीं पहुंच पाने की वजह से शहर में जलप्रदाय का इंतजाम बिगड़ने लगा है। नगर निगम की ओर से आए दिन शहर के अलग-अलग इलाकों में जलप्रदाय देरी से किए जाने का सूचना प्रसारित की जा रही है। धोलावाड़ से भरपूर मात्रा में पानी छोड़ने के बावजूद शहर की टंकियां नहीं भरा पाने की वजह जानने के लिए जब निगम के बड़े अधिकारियों ने मोर्चा संभाला तो पता चला कि धोलावाड़ की मेन पाइप लाइन में छेद कर बीच में ही पानी चुराया जा रहा है। यह मामला पकड़ में आने के बाद पानी चुराने वाले संबंधित किसान के खिलाफ थाने में अपराध कायम करवाया है। नगर निगम से मिली जानकारी के मुताबिक धोलावाड़ की मेन पाइप लाइन से पानी चोरी शाम से लेकर रात तक की जाकर खेतों में सिंचाई की जाती रही थी। अप्रैल में ही शहर में जलसंकट के हालात पैदा होने पर जब निगम के जवाबदारों ने हकीकत जानने के लिए मोर्चा संभाला तो पानी चोरी का पता चला। इस पर पानी चुराने वाले संबंधित को समझाइश देकर नगर निगम जलप्रदाय विभाग ने छेद बंद करवा दिया गया था।

इन्दौर समाचार
22-4-2022

## धोलावाड़ मुख्य पाइप लाइन से पानी चोरी के मामले में एक पर एफआईआर

**रतलाम।** धोलावाड़ व मोरवानी के मध्य 600 एमएम डाया की मुख्य पेयजल पाईप लाईन मे रामचन्द्र पिता धन्नाजी निवासी धबाईपाड़ा द्वारा निप्पल लगाकर सायंकाल से रात्री तक पानी चोरी कर खेतो मे सिंचाई करने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार दीनदयाल नगर थाने मे संबंधित की पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई गई। रामचन्द्र पिता धन्नाजी निवासी धबाईपाड़ा द्वारा पूर्व मे भी धोलावाड़ व मोरवानी के मध्य 600 एमएम डाया की मुख्य पेयजल पाईप लाईन में रामचन्द्र पिता धन्नाजी निवासी धबाईपाड़ा द्वारा पानी की चोरी किये जाने पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराये जाने हेतु निगम द्वारा 27 दिसम्बर को पत्र प्रेशित किया था। वर्तमान मे संबंधित द्वारा पानी की चोरी किये जाने पर कर्मचारियो द्वारा समझाईश दी जाकर छेद बंद कर दिया था किन्तु पुन: पानी की चोरी होने पर दीनदयाल नगर थाने में पत्र दिया। संबंधित के विरूद्ध धारा 353, 427 व सार्वजनिक संपति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई।

राज एक्सप्रेस
22-4-2022

विश्व पृथ्वी दिवस... 5 साल में 202 हेक्टेयर वन-क्षेत्र बढा, 3 लाख से ज्यादा नए पौधे लगे

# 75% पौधे जीवित, इनमें से ज्यादातर तो अब तक पे

## जिले में सबसे ज्यादा हरियाली जावरा-आलोट में, रतलाम शहर में घट रहे हैं छायादार

पत्रिका 22-4-22
स्पॉटलाइट


आशीष पाठक
patrika.com



रतलाम. धरती करे पुकार, बंद करो प्रकृति से खिलवाड़...आने वाले दिनों में गर्मी आग की तरह बरसने की संभावना है....गर्मी से पहले ही पानी पाताल जा रहा है, ये पंक्तियां अक्सर सुनने और पढ़ने में आती है और इन सभी का मकसद एक है। शब्दों का अर्थ एक ही इशारा करता है, प्रकृति का संरक्षण, धरा का सौंदर्य बनाए रखना और पर्यावरण के मुख्य आधार जल, जंगल और जमीन का संतुलन कायम रखना। आज पृथ्वी दिवस है, इस मौके पर 'पत्रिका' ने जिले में हरियाली के हालातों को ऑन द स्पॉट चेक किया तो कहीं राहत का दृश्य दिखाई दिया तो कहीं अब भी लंबा सफर करने की नौबत भी नजर आई। बहरहाल, प्राकृतिक संतुलन बनाने में शहर फिलहाल गांवों से कमतर है। जावरा और आलोट क्षेत्र प्रकृति के साथ कदमताल कर रहे हैं तो शहर में लोगों को छाया के लिए पेड़ों को तलाशना पड़ रहा है, छायादार पेड़ों की संख्या घट रही है।

### रतलाम शहर में छायादार पौधों की कमी होती जा रही है

पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और प्राणवायु स्रोत के रूप में पेड़-पौधे यानी हरियाली का महत्वपूर्ण स्थान है। रतलाम जिले में सबसे ज्यादा हरियाली जावरा और आलोट क्षेत्र में है। यहां पर 5 साल में 202 हेक्टेयर वन-क्षेत्र बढ़ा है तो 3 लाख से ज्यादा नए पौधे लगे है। 75 फीसदी पौधे जीवित हैं और ज्यादातर तो अब तक पेड़ बन गए। इसके उलट रतलाम शहर में छायादार पौधों की कमी होती जा रही है व हरियाली घट रही है। रतलाम शहर में पहले तक जहां 200 से 300 फीट नीचे पानी उपलब्ध हो जाता था, वो अब 1100 से 1200 फीट नीचे चला गया है। पौधारोपण तो हो रहा है, लेकिन छायादार पौधों का इसमें अभाव है।

### हरियाली और घना जंगल आलोट के जल क्षेत्र में

जावरा - आलोट में पहले से 2120.665 हेक्टेयर भूमि वन क्षेत्र घोषित है। इसके अलावा पांच सालों के दरमियान 202.480 हेक्टेयर भूमि राजस्व विभाग से वन विभाग को मिली है। इस तरह वन क्षेत्र बढ़ गया और इस 202 हेक्टेयर के साथ ही करीब 36 हेक्टेयर भूमि ऐसी है जो रिकॉर्ड में राजस्व की है लेकिन यहां भी वन विभाग ने पौधे लगाए। जावरा में 801.356, आलोट तहसील में 954.71 और ताल तहसील में 271.546 हेक्टेयर वन क्षेत्र है। इनमें से सबसे ज्यादा हरियाली और घना जंगल आलोट के पास शिप्रा-चंबल के सिपावरा संगम क्षेत्र में बरखेड़ाकलां के पास है।



### विश्व पृथ्वी दिवस (वर्ल्ड अर्थ डे) धरती की पीर हरें अब हम!

खुदग़र्ज़ी की ख़ातिर हमने,
धरती को तोड़-मरोड़ दिया।
मिट्टी रौंदी, जंगल काटे,
नदियों का नीर निचौड़ दिया।
सुधरें-सुधरें-सुधरें अब हम!
धरती की पीर हरें अब हम!

'धरती माँ-धरती माँ' कहकर,
पहले तो रिश्ते को जोड़ा।
फिर घ[illegible] देये नित धरती को,
धरती [illegible] मस्तक को फोड़ा।
धरती [illegible] घाव भरें अब हम !
धरती की पीर हरें अब हम!

आँखों में आँसू लिए हुए,
हमको ही देख रही धरती।
सहमी-सहमी कातर नजरें,
हम पर ही फेंक रही धरती।
समझें! नहीं देर करें, अब हम!
धरती की पीर हरें अब हम!



अजहर हाशमी

### यहां पर सुरक्षित

वन विभाग के अनुसार
वातावरण तो है ही
में 2011-12 में 39 हेक्टेय
जंगल का रूप ले चुकी है
और ना ही शिकारी को अ
अपना आशियाना बनाकर
बारिश में 15 हेक्टेयर में 1
पौधों को पानी देने के लिए
भी अच्छी हरियाली है और

### यहां बरसती आग,

रतलाम शहर की
विभाग के अनुसार

एक्सपर्ट व्यू...

बरगद या पीपल का पेड़
बेहतर हो जाए। शहर में
है, इसको रोकना है तो छा
होगा। - खुशालसिंह पु

### स्वयं अभियान च

शहर के लोगों को स्व
लगाने के लिए आगे
खूब हो रहा है, लेकिन इसमें
अभाव है। पृथ्वी दिवस पर
- कुमार पुरुषोत्तम, कलेक

पत्रिका
22-4-2022

# रतलाम में लोग पानी के लिए हो रहे परेशान और उधर धोलावाड़ लाइन से पानी हो रहा चोरी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

22-4-22

धोलावाड़- मोरवानी के बीच पानी चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज किया है। 600 एमएम डाया की मेन पाइप लाइन में छेद कर पानी की चोरी खेतों में सिंचाई के लिए की जा रही थी।

गर्मी शुरू होते ही शहर के लोग पानी के लिए परेशान होने लगे है। टंकी में पानी नहीं पहुंच पाने की वजह से शहर में जलप्रदाय का इंतजाम बिगडने लगा है। नगर निगम की ओर से आए दिन शहर के अलग-अलग इलाकों में जलप्रदाय देरी से किए जाने का सूचना प्रसारित की जा रही है। धोलावाड़ से भरपूर मात्रा में पानी छोड़ने के बावजूद शहर की टंकियां नहीं भरा पाने की वजह जानने के लिए जब निगम के बड़े अधिकारियों ने मोर्चा संभाला तो पता चला कि धोलावाड़ की मेन पाइप लाइन में छेद कर बीच में ही पानी चुराया जा रहा है। यह मामला पकड़ में आने के बाद पानी चुराने वाले संबंधित किसान के खिलाफ थाने में अपराध कायम करवाया है।

नगर निगम से मिली जानकारी के मुताबिक धोलावाड़ की मेन पाइप लाइन से पानी चोरी शाम से लेकर रात तक की जाकर खेतों में सिंचाई की जाती रही थी। अप्रैल में ही शहर में जलसंकट के हालात पैदा होने पर जब निगम के जवाबदारों ने हकीकत जानने के लिए मोर्चा संभाला तो पानी चोरी का पता चला। इस पर पानी चुराने वाले संबंधित को समझाइश देकर नगर निगम जलप्रदाय विभाग ने छेद बंद करवा दिया गया था। 19 अप्रैल को फिर वहां से पानी चोरी होने का पता चलने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर उपयंत्री भैयालाल चौधरी की रिपोर्ट पर दीनदयालनगर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालकर शासकीय सम्पत्ति में नुकसान करने पर अपराध कायम किया है।

शहर में जलसंकट के हालात पैदा होने की वजह जानने पर यह केस पकड़ में आ गया और मामला थाने तक पहुंच गया।पिछले कई दिनों से खासतौर पर शहर के पटरी पार इलाके के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे है।

जलप्रदाय की व्यवस्था बिगड़ने से जलसंकट जैसे हालात अप्रैल में ही पैदा होने लगे। शहर के अन्य इलाकों में भी जलप्रदाय व्यवस्था बिगडने लगी है। आज भी शहर के शहरसराय इलाके में सुबह जलप्रदाय नहीं हुआ। लोग नल आने का इंतजार करते रहे। दस बजे के लगभग निगम ने सूचना प्रसारित करवाई कि सुबह होने वाला जलप्रदाय आज विलंब से दोपहर बाद किया जा सकेगा। कस्तुरबा नगर में भी प्रितिदन जलप्रदाय की व्यवस्था बंद कर दी गई है।

दै. अवन्तिका 22-4-2022

## धोलावाड़ मुख्य पाईप लाईन से पानी चोरी करने पर रामचन्द्र-धन्नाजी पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज

रतलाम। धोलावाड व मोरवानी के मध्य 600 एमएम डाया की मुख्य पेयजल पाईप लाईन मे रामचन्द पिता धन्नाजी निवासी धबाईपाड़ा द्वारा निप्पल लगाकर सायंकाल से रात्री तक पानी चोरी कर खेतो मे सिंचाई करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दीनदयाल नगर थाने मे संबंधीत की पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई गई। रामचन्द्र पिता धन्नाजी निवासी धबाईपाड़ा द्वारा पूर्व मे भी धोलावाड़ व मोरवानी के मध्य 600 एमएम डाया की मुख्य पेयजल पाईप लाईन मे रामचन्द पिता धन्नाजी निवासी धबाईपाड़ा द्वारा निप्पल लगाकर पानी की चोरी किये जाने पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराये जाने हेतु नगर निगम द्वारा 27 दिसम्बर को पत्र प्रेषित किया गया था। वर्तमान मे संबधित द्वारा दो-तीन दिन पूर्व पुनः पानी की चोरी किये जाने पर निगम कर्मचारियो द्वारा समझाईश दी जाकर छेद बंद कर दिया गया था किन्तु पुनः 19 अप्रैल को पानी की चोरी किये जाने पर आज दीनदयाल नगर थाने मे पत्र प्रेशित किया जाकर संबधित के विरूद्व धारा 353, 427 व सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

सिंघम टाईम्स
21-4-2022